भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2740

24 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: पीएमएफबीवाई के अंतर्गत आवेदन

2740. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत प्राप्त, अनुमोदित और अस्वीकृत आवेदनों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) पीएमएफबीवाई के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में जारी की गई कुल दावा राशि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पीएमएफबीवाई के अंतर्गत वर्तमान में कितने दावे लंबित हैं और दावा राशि कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पिछले कुछ वर्षों में कम दावों के निपटान सहित अन्य कई कारकों के कारण इस योजना के कवरेज में कमी आई है; और

(ङ) यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत दावों के निपटान में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) पर स्कीम के तहत नामांकन के नामित स्रोतों से किसान आवेदनों की प्रविष्टि के बाद, बीमा कंपनियां गुणवत्ता जांच करती हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन स्वीकृत किए जाते हैं। आवेदन किसी प्रकार की कमी होने पर अस्वीकृत हो सकते हैं। योजनान्तर्गत वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक प्राप्त, अनुमोदित एवं अस्वीकृत किसान आवेदनों का विवरण **अनुबंध-I** पर है।

(ख) और (ग): वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक भुगतान किए गए और लंबित दावों का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण **अनुबंध-II** पर है।

(घ) और (ङ): पीएमएफबीवाई सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है और उनके लिए स्वैच्छिक है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपने जोखिम अनुमान और वित्तीय पहलुओं आदि को ध्यान में रखते हुए योजना को अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। यह योजना भी किसानों के लिए उनके जोखिम अनुमान के अनुसार स्वयं को नामांकित करने के लिए स्वैच्छिक है।

तथापि, पीएमएफबीवाई के प्रचालनात्मक दिशानिर्देशों में दावों के निपटान सहित प्रत्येक गतिविधि के लिए समय-सीमा प्रदान की गई है, कुछ राज्यों में उपज डेटा के विलंब से जारी करने और राज्यों द्वारा प्रीमियम सब्सिडी में राज्य के हिस्से को देर से जारी करने, बीमा कंपनियों और राज्यों के बीच उपज संबंधी विवाद, पात्र किसानों के बैंक खाते में दावों के अंतरण के लिए कुछ किसानों के खाते के विवरण की गैर-प्राप्ति और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) से संबंधित मुद्दे, राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) पर व्यक्तिगत किसानों के डेटा की गलत/अपूर्ण प्रविष्टि, संबंधित बीमा कंपनी को प्रीमियम के किसानों के हिस्से के प्रेषण में देरी, प्रीमियम के किसानों के हिस्से का भुगतान न करना आदि जैसे कारणों से कुछ दावों के निपटान में थोड़ी देरी हुई है।

वर्ष 2016-17 में प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की शुरुआत के बाद से, योजना को कार्यान्वित करने वाले राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में योजना के तहत कवरेज सकल फसलित क्षेत्र (जीसीए) का लगभग 30% रहा है।

आधार संख्या का अनिवार्य उपयोग और एपीआई आधारित भूमि रिकॉर्ड एकीकरण जैसे प्रौद्योगिकी हस्तक्षेपों ने योजना के तहत नामांकन बढ़ने पर भी क्षेत्र के संदर्भ में अधिक-बीमा के मामलों को समाप्त कर दिया है।

यह विभाग नियमित रूप से पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन की निगरानी कर रहा है, जिसमें हितधारकों के साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दावों का समय पर निपटान, बीमा कंपनियों/राज्यों आदि के साथ बैठकें शामिल हैं। हितधारकों के बीच आवश्यक सूचना/डेटा के प्रवाह की समयबद्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न नवीन तकनीकों को भी अपनाया जाता है।

रा.स.अता.प्र.सं.2740 **अनुबंध-I**

पीएमएफबीवाई के तहत 2018-19 से 2020-21 तक स्वीकृत आवेदनों, अस्वीकृत आवेदनों और कुल आवेदनों का विवरण

	2018-19			2019-20			2020-21		
राज्य	**अनुमोदित आवेदन**	**अस्वीकृत आवेदन**	**कुल आवेदन**	**अनुमोदित आवेदन**	**अस्वीकृत आवेदन**	**कुल आवेदन**	**अनुमोदित आवेदन**	**अस्वीकृत आवेदन**	**कुल आवेदन**
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0	339	0	339
आंध्र प्रदेश	2444708	16766	2461474	2788369	962339	3750708	0	0	0
असम	74081	720	74801	1006209	37335	1043544	1660076	218069	1878145
छत्तीसगढ	1569219	8342	1577561	4019717	17640	4037357	5160134	17977	5178111
गोवा	340	5	345	886	35	921	84	0	84
हरियाणा	1480253	19687	1499940	1710601	39226	1749827	1650556	1670	1652226
हिमाचल प्रदेश	267337	3275	270612	280102	9284	289386	240700	133	240833
जम्मू और कश्मीर	153888	1313	155201	0	0	0	0	0	0
झारखंड	1293537	31881	1325418	1092116	17151	1109267	0	0	0
केरल	56973	1033	58006	58135	1952	60087	76317	506	76823
मध्य प्रदेश	7440713	84616	7525329	8231081	122518	8353599	8439044	2302	8441346
महाराष्ट्र	14826961	345015	15171976	14566107	35684	14601791	12402067	3959	12406026
मणिपुर	0	0	0	3256	31	3287	0	0	0
मेघालय	0	0	0	607	234	841	130	0	130
ओडिशा	2102533	6290	2108823	4878848	6403	4885251	9752486	187	9752673
पुदुचेरी	308	2	310	6376	11725	18101	10980	0	10980
राजस्थान	7179145	189067	7368212	8616342	67057	8683399	10760049	18399	10778448
सिक्किम	212	29	241	21	0	21	85	0	85
तमिलनाडु	2539354	7528	2546882	3893786	9997	3903783	5905317	60236	5965553
तेलंगाना	799122	7700	806822	1033616	9962	1043578			0
त्रिपुरा	2082	0	2082	36374	1169	37543	257236	2792	260028
उत्तर प्रदेश	6140706	32088	6172794	4643052	15435	4658487	4190232	1378	4191610
उत्तराखंड	192884	4867	197751	212674	1430	214104	170790	46	170836
पश्चिम बंगाल	5139504	123117	5262621	0	0	0	0	0	0
कुल योग	**53703860**	**883341**	**54587201**	**57078275**	**1366607**	**58444882**	**60676622**	**327654**	**61004276**

कार्यान्वित नहीं होने के कारण: 0

जारी ...

पीएमएफबीवाई के तहत वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक स्वीकृत आवेदनों, अस्वीकृत आवेदनों और कुल आवेदनों का विवरण

	2021-22			2022-23		
राज्य	**अनुमोदित आवेदन**	**अस्वीकृत आवेदन**	**कुल आवेदन**	**अनुमोदित आवेदन**	**अस्वीकृत आवेदन**	**कुल आवेदन**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	531	0	0	131
असम	1054797	80056	1205154	200063	404	264163
छत्तीसगढ	5837824	83317	5926232	6333574	23529	6834812
गोवा	64	0	64	332	0	335
हरियाणा	1449720	645	1466156	632795	6	822104
हिमाचल प्रदेश	233683	203	247392	107177	1	127049
जम्मू और कश्मीर	90834	0	91721	50084	0	54359
केरल	98515	177	98800	67616	316	86625
मध्य प्रदेश	9259004	95	9285415	9494379	0	11002167
महाराष्ट्र	9901358	5662	9910674	9728737	13	10248520
मणिपुर	2807	0	2826	2727	0	4019
मेघालय	कार्यान्वित नहीं किया गया			265	0	270
ओडिशा	8112744	9999	8418865	7368393	1026	8297721
पुदुचेरी	35568	0	36004	0	0	24155
राजस्थान	34382532	55835	34762357	21352369	88333	27112907
सिक्किम	2317	0	2475	0	0	657
तमिलनाडु	6038792	587	6153962	60892	0	5591217
त्रिपुरा	335181	1093	336910	237847	1915	250484
उत्तर प्रदेश	4068005	298	4119976	2180027	1162	2573372
उत्तराखंड	182172	209	187658	133631	153	177172
कुल योग	**81085917**	**238176**	**82253172**	**57950908**	**116858**	**73472239**

रा.स.अता.प्र.सं.2740
अनुबंध-II

पीएमएफबीवाई के तहत वर्ष 2016-2017 से 2021-2022 तक राज्यवार भुगतान किए गए दावों और लंबित दावों का विवरण

(रुपए करोड़ में)

राज्य	2016-2017		2017-2018		2018-2019	
	भुगतान किए गए दावे	लंबित दावे	भुगतान किए गए दावे	लंबित दावे	भुगतान किए गए दावे	लंबित दावे
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.146	0.0000	0.000	0.000	0.088	0.0019
आंध्र प्रदेश	944.37	0.0000	740.05	3.68	1890.37	5.21
असम	5.37	0.0000	1.22	0.00	2.68	0.003
बिहार	347.85	0.0000	401.52	0.00	एनआई	एनआई
छत्तीसगढ	159.97	0.0000	1391.38	0.00	1087.29	0.0002
गोवा	0.03	0.0000	0.01	0.00	0.10	0.00
गुजरात	1267.22	0.0000	1075.83	0.91	2777.88	0.19
हरियाणा	298.17	0.0000	896.78	0.00	948.07	0.22
हिमाचल प्रदेश	45.26	0.0000	64.71	0.00	55.01	0.0001
झारखंड	31.09	0.0000	47.18	0.00	19.82	769.38
कर्नाटक	2093.84	0.0000	856.79	0.00	2986.69	0.40
केरल	43.73	0.0040	10.96	0.00	26.77	0.00
मध्य प्रदेश	2043.84	0.0000	5873.87	0.00	3781.83	7.74
महाराष्ट्र	2317.85	0.0000	3295.33	0.00	6144.15	5.16
मणिपुर	1.96	0.0000	0.67	0.00	0.00	0.00
मेघालय	0.03	0.0000	0.02	0.00	0.22	0.00
ओडिशा	432.75	0.0000	1820.08	0.00	1170.50	0.00
पुदुचेरी	7.55	0.0000	एनआई	एनआई	0.45	0.00
राजस्थान	1917.40	0.0000	2242.59	0.00	3439.43	20.55
सिक्किम	0.11	0.0000	0.04	0.00	0.00	0.00
तमिलनाडु	3645.54	0.0000	2086.09	1.59	2663.90	0.01
तेलंगाना	166.97	0.0000	568.07	0.00	570.52	30.95
त्रिपुरा	0.71	0.0000	1.00	0.00	0.02	0.00
उत्तर प्रदेश	574.57	0.0000	380.88	0.00	469.17	0.00
उत्तराखंड	27.47	0.0032	39.45	0.00	72.38	0.00
पश्चिम बंगाल	421.69	0.0000	261.11	0.48	535.73	3.83
कुल योग	**16795.46**	**0.0072**	**22065.46**	**6.66**	**28666.68**	**847.39**

जारी .../-

	2019-20		2021-22		2022-23	
राज्य	**भुगतान किए गए दावे**	**लंबित दावे**	**भुगतान किए गए दावे**	**लंबित दावे**	**भुगतान किए गए दावे**	**लंबित दावे**
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000	0.0000
आंध्र प्रदेश	1253.33	5.01	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई
असम	89.07	4.25	112.48	55.93	0.00	0.00
बिहार	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई
छत्तीसगढ	1302.079	14.225	884.052	6.363	1396.202	32.434
गोवा	0.007	0.000	0.000	0.000	0.000	0.000
गुजरात	111.68	257.76	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई
हरियाणा	937.72	0.70	1160.46	120.45	1651.79	45.68
हिमाचल प्रदेश	67.50	0.03	44.54	6.94	12.77	11.55
झारखंड	0.00	27.76	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई
कर्नाटक	1498.87	88.16	1020.47	2.99	1452.75	43.03
केरल	88.92	0.00	124.49	0.46	39.00	43.62
मध्य प्रदेश	6194.79	59.16	7780.48	10.84	0.01	0.00
महाराष्ट्र	6748.34	10.01	1324.16	267.60	4374.00	25.95
मणिपुर	1.1394	0.0003	0.0000	0.0000	1.4750	0.0000
मेघालय	0.1784	0.0000	0.0729	0.0000	एनआई	एनआई
ओडिशा	1157.93	12.08	571.41	1.10	996.58	69.95
पुदुचेरी	7.13	0.22	0.55	13.22	0.00	12.62
राजस्थान	4993.05	37.83	4306.85	47.89	3382.28	1279.46
सिक्किम	0.000	0.000	0.022	0.000	0.502	0.016
तमिलनाडु	1213.9958	19.6428	2619.9118	2.2036	494.6681	1.2014
तेलंगाना	506.10	3.16	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई
त्रिपुरा	0.81	0.00	2.60	0.00	0.00	0.00
उत्तर प्रदेश	1084.56	22.20	506.99	2.37	954.34	5.80
उत्तराखंड	103.24	0.00	134.86	0.59	109.91	12.61
पश्चिम बंगाल	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई	एनआई
कुल योग	**27360.44**	**562.21**	**20594.41**	**538.93**	**14920.82**	**1584.05**

(i) कम दावे (ii) दावों की सूचना न देने के कारण 0

एनआई: कार्यान्वित नहीं

*****